हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 6 मई 2025

12 भूमका में पंचों ने उठाई नए सचिव की मांग



13 बालूद, छिंदनार, मैलावाड़ा, टेटम ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों की उमड़ी भीड़





## खबर संक्षेप

### प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 7 मई को

**जगदलपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में 7 मई को प्रातः 11 बजे से सांयकाल 4 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। निजी सेक्टर के दो नियोजकों के कुल 14 पदों पर भर्ती किया जाएगा, जिसके तहत सिविल इंजीनियर एवं डिप्लोमा सिविल इंजीनियर के लिए सिविल इंजीनियरिंग में डिग्री या डिप्लोमा, आउट रीच वर्कर के लिए शैक्षणिक योग्यता 12 वीं उत्तीर्ण होना चाहिए। राज मिस्त्री हेतु राज मिस्त्री प्रशिक्षित इच्छुक आवेदक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र आड़ावाल में समयावधि में अपनी समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों की मूल प्रतियों के साथ जमा करें।

### जिले का 5वीं में 99.38 और 8वीं में 97.01 प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

**जगदलपुर।** कक्षा 5वीं तथा 8वीं केन्द्रीयकृत वार्षिक परीक्षा वर्ष 2025 का आयोजन जिला स्तर पर जिला स्तरीय संचालन समिति के द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी जगदलपुर जिला बस्तर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें 5वीं में 99.38 और 8वीं में 97.01 प्रतिशत विद्यार्थी उतीर्ण रहे। जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल ने जारी प्रेस विज्ञिप्त में बताया की 5वीं में 12843 प्रविष्ठि में 11079 प्रथम श्रेणी 1644 द्वितीय श्रेणी और 40 तृतीय श्रेणी में उतीर्ण हुए कुल उत्तीण विद्यार्थीयों की संख्या 12763 रही। उन्होंने बताया 8वीं में 12408 विद्यार्थीयों की प्रविष्ठि में 9755 प्रथम श्रेणी 1264 द्वितीय श्रेणी और 118 तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कुल उतीर्ण विद्यार्थीयों की संख्या 12037 रही।

### हायर सेकंण्डरी भगत सिंह में समर क्लासेस की शुरूआत



**जगदलपुर।** हायर सेकेण्डरी भगत सिंह मे सयुंक्त रूप से प्राशा, माशा तथा हासे भगत सिंह मे सयुंक्त रूप से समर क्लासेस की शुरुआत प्रचार्य विनीता बेंजामीन द्वारा बच्चों को आशीर्वाद देकर की गई। बच्चों ने अपना परिचय देकर अपनी अच्छी आदतों को बताया जिससे उनका झिझक दूर हुआ। कहानी गीत कविता की झड़ी लग गई बच्चे इससे बहुत खुश हुए। समर कैम्प में बच्चे कम शिक्षक ज्यादा नजर आये। इस अवसर पर व्यख्याता अनिल शुक्ला, अंजू रावटे, प्रधान अध्यापिका यास्मीन खान,इंद्रा मथरानी, रुपलता पाण्डेय, उमेश सिंग, नलिन शुक्ला, विशाल देवांगन, सीमा मरकाम इन्द्राणी आदि उपस्थित थे।

# तेंदूपत्ता बोनस राशि की गड़बड़ी के मामले में 11 समिति प्रबंधक बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर।

सुकमा जिले में तेंदूपत्ता बोनस राशि के वितरण में की गई गड़बड़ी की जांच में दोषी पाए गए डीएफओ अशोक पटेल को निलंबित कर दिया था। वहीं वे गंभीर आर्थिक गड़बड़ी के आरोप में गिरफ्तार हो गए हैं। सुकमा जिले के 11 समिति प्रबंधकों को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है तथा उनके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की गई है।

मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा ने बताया कि जिला यूनियन सुकमा का सीजन 2021 का तेंदूपत्ता प्रोत्साहन पारिश्रमिक के लिए 31,356 संग्राहकों को 4.53 करोड़ एवं वर्ष 2022 का 18,918 संग्राहकों को 3.32 करोड का भुगतान किया जाना था। जिसमे वर्ष 2021 के 10,131 संग्राहकों को 1.38 करोड़ एवं वर्ष 2022 के 5,739 संग्राहकों को 0.74 करोड का वितरण संग्राहकों के बैंक खाते में किया गया है। शेष संग्राहकों के बैंक खाते उपलब्ध न होने की वजह से कलेक्टर सुकमा के अनुशंसा पर शासन द्वारा वर्ष 2021 एवं वर्ष 2022 के शेष प्रोत्साहन पारिश्रमिक की राशि का नगद वितरण हेतु अनुमति प्रदान की गई थी। श्री दुग्गा ने बताया कि शासन से अनुमति प्राप्त होने के उपरांत संघ मुख्यालय द्वारा जिला यूनियन सुकमा को तेंदूपत्ता प्रोत्साहन पारिश्रमिक के नकद वितरण हेतु राशि हस्तांतरित की गई थी। जिला यूनियन सुकमा के अंतर्गत प्राथमिक लघुवनोपज समितियों द्वारा कुछ संग्राहकों को नगद वितरण किया जा चुका है एवं 11 समितियों में कुछ संग्राहकों को वितरण नहीं किया गया है। इसके कारण वनमण्डलाधिकारी अशोक पटेल को निलंबित कर दिया गया है। प्रकरण में एंटी करप्शन ब्यूरो द्वारा जांच ⏭ शेष पेज 12 पर

### संचालक मंडल भंग, नोडल अधिकारी पर हो रही कार्रवाई



#### 11 समितियों के पोषक अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस

**कोंटा।** बोनस वितरण के अंतर्गत नगद भुगतान के दौरान प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्यादित, गोलापल्ली, कोंटा, पालाचलमा, किस्टाराम, जग्गावरम, दुब्बाटोटा, बोडकेल, मिचिगुड़ा, जगरगुंडा, सुकमा तथा फूलबगड़ी समितियों में गंभीर अनियमितताएं परिलक्षित हुईं। सभी 11 समितियों पर जिला वनोपज सहकारी संघ द्वारा विनिर्दिष्ट प्राधिकारी नियुक्त किए गए हैं। उक्त 11 समितियों में हुई अनियमितताओं की राशि का आंकलन किया जा रहा है। यह प्रक्रिया प्रचलित नियमों के अंतर्गत निष्पक्ष रूप से संपादित की जा रही है। जांच प्रक्रिया के दौरान कुछ प्रबंधकों द्वारा प्रबंध संचालक, जिला वनोपज सहकारी संघ, सुकमा के खाते में 56,30,421 की राशि जमा कराई गई है। उक्त राशि का वितरण हितग्राहियों के सत्यापन उपरांत शासन ⏭ शेष पेज 12 पर

### विधायक देव ने शिविर में दिया हितग्राहियों को प्रमाण पत्र और कार्ड

# शासन-प्रशासन जनकल्याणकारी योजनाओं का कर रहा क्रियान्वयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

विकासखंड जगदलपुर के तहत ग्राम पंचायत तितिरगांव में सुशासन तिहार के तहत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक किरण देव उपस्थित रहे।

■ ग्राम पंचायत तितिरगांव में समाधान शिविर

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि शासन प्रशासन लगातार जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुसार अपन मन के सरकार, हमर द्वार के तहत सुशासन तिहार के माध्यम से सरकार-प्रशासन ग्राम पंचायतों और ग्रामों में समस्या तथा मांग को आवेदन के माध्यम से लिया अब समाधान शिविर के द्वारा आवेदनों की निराकरण की जानकारी दी जा रही है। लगभग एक लाख 88 हजार से अधिक आवेदन पूरे जिले में मिले जिसमें 85 प्रतिशत आवेदनों का निराकरण हमारे विभिन्न विभागों के द्वारा किया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि जो मांग शासन स्तर से होना उसके निराकरण में समय लगेगा। जिले में मिले आवेदनों में सर्वाधिक मांग प्रधानमंत्री आवास योजना ⏭ शेष पेज 12 पर




#### स्टॉल का किया निरीक्षण

विधायक ने विभागों द्वारा लगाए स्टॉल का निरीक्षण कर सभी से योजनाओं के लिए मिले आवेदनों की स्थिति का संज्ञान लिया, साथ ही स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में अपना स्वास्थ्य जांच भी करवाया। कार्यक्रम से पहले कमिश्नर डोमन सिंह, कलेक्टर हरिस एस, सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन ने विभागीय स्टालों का निरीक्षण कर आवेदनों के स्वरूप और निराकरण की स्थिति का जायजा लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम में जनपद जगदलपुर के उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम कश्यप सहित 10 पंचायत के सरपंच, जिला नोडल, सहायक नोडल, जनपद पंचायत के सीईओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## अनाचारी को 20 वर्ष का कठोर कारावास और 5 हजार जुर्माना

**जगदलपुर।** 16 वर्ष की नाबालिग के साथ बलात्कार करने के अपराधी को पाक्सो न्यायालय ने 20 वर्ष का कठोर कारावास और 5000 जुर्माना की सजा सुनाया है।

थाना बुरगुम में पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि गांव में मेला देखने गई थी। दूसरे दिन अपनी सहेली के साथ शाम 5 बजे झूला झूलने गई थी शाम 7 बजे तक झूला झूलने के बाद उतरकर अपनी सहेली के साथ जंगल की ओर बाथरूम गई। तभी आरोपी पांडू बेको तथा संतोष बेको दोनों पीछे से आकर पांडु बेको प्रार्थिया के मुंह में गमछा बांधकर जंगल की ओर ले गया। दूसरा संतोष बेको ने अपने पास रखे हुए गमछा से प्रार्थिया की सहेली के मुंह में गमछा बांधकर जंगल की ओर ले जाकर दोनों के साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाकर बलात्कार किया। पीड़िता की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस विवेचना के दौरान प्रार्थिया की उम्र 16 वर्ष से कम होने के कारण आरोपी पांडु के विरुद्ध पाक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया।

■ थाना बुरगुम का मामला

मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी विशेष न्यायालय लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के पीठासीन अधिकारी श्रीमती संगीता नवीन तिवारी के न्यायालय में ⏭ शेष पेज 12 पर

# सरकार की सख्ती से बची आदिवासियों की मेहनत की कमाई : विनायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

तेंदूपत्ता बोनस वितरण को लेकर उठे विवाद पर विधायक विनायक गोयल ने विपक्ष के आरोपों को नकारते हुए सरकार की तत्परता और पारदर्शिता की सराहना की है। उन्होंने कहा कि आरोप लगाना आसान है, लेकिन तथ्यों की जांच करना जरूरी होता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता चरणदास महंत द्वारा लगाए गए 8 करोड़ के गबन के आरोपों की जांच खुद सरकार के निर्देश पर की जा रही है। पहली बार ऐसा हुआ कि गड़बड़ी सामने आते ही जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई हुई।



वनमंडलाधिकारी सुकमा को निलंबित कर गिरफ्तार किया गया। 11 समितियों के प्रबंधकों को कार्य से हटाया गया और संचालक मंडल भंग किया गया। यह सब सरकार की इच्छाशक्ति और ईमानदारी का प्रमाण है। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत को सच्चाई हज़म नहीं हो रही, सरकार की पारदर्शिता पर सवाल उठाकर जनता को गुमराह कर रहे हैं। अगर सरकार ने कार्रवाई नहीं की होती, तो ये मामला दबा रह जाता। लेकिन हमारी सरकार ने न केवल भ्रष्टाचार को उजागर किया, बल्कि दोषियों को सजा दिलाने की दिशा में कड़े कदम उठाए।

■ चरणदास महंत को सच्चाई हजम नहीं हो रही

उन्होंने कहा कि तकनीकी कारणों से कुछ संग्राहकों के बैंक खाते उपलब्ध नहीं होने के कारण नकद वितरण की अनुमति शासन से ली गई थी। जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि हर मेहनतकश संग्राहक को उसका हक मिले।

#### दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा

गोयल ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन समितियों में वितरण नहीं हुआ है, उनकी भी जांच जारी है और दोषियों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। यह कांग्रेस की विफलता है कि वह खुद अपने कार्यकाल में ऐसा सिस्टम नहीं बना सकी। जिसमें आदिवासियों को समय पर और पारदर्शी तरीके से लाभ मिल सके। भाजपा सरकार ने उस खामी को सुधारते हुए न केवल जवाबदेही तय की है, बल्कि सिस्टम को भी मजबूत किया है। कांग्रेस को यह समझना चाहिए कि यह नया छत्तीसगढ़ है यहां घोटाले नहीं, जवाबदेही होती है।




### समर कैंप में रचनात्मक गतिविधियों में उत्साह के साथ भाग ले रहे स्कूली बच्चे

# बच्चों के सृजनात्मक कौशल को दें बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कमिश्नर डोमन सिंह ने कहा कि स्कूली बच्चों में छिपी हुई प्रतिभा को उभारने और निखारने के लिए समर कैंप का आयोजन सकारात्मक पहल है। जिससे बच्चे खेलकूद, गीत-संगीत, नृत्य, चित्रकला, रंगोली सहित अन्य रचनात्मक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लेकर समग्र व्यक्तित्व विकास कर सकें। इससे बच्चों को मनोरंजन के साथ ही सीखने-समझने का अवसर प्राप्त होता है, साथ ही उनके सृजनात्मक कौशल को बढ़ावा मिलता है।



कमिश्नर ने सोमवार को बस्तर जिले के जगदलपुर ब्लॉक अंतर्गत प्राथमिक शाला बाबू सेमरा में आयोजित मेगा समर कैंप में स्कूली बच्चों और शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्बोधित करते हुए कहा। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग विधाओं और रचनात्मक कार्यों के माध्यम से बच्चों में नई ऊर्जा का संचार करने के लिए शिक्षक-शिक्षिकाओं को भी सक्रिय सहभागिता निभाने की समझाइश दी। ज्ञात हो कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान जिले के विभिन्न स्कूलों में हजारों बच्चे मेगा समर कैंप में उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। इस कैंप में बच्चों को रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से न केवल मनोरंजन का मौका मिल रहा है, बल्कि उनके व्यक्तित्व और कौशल विकास पर भी ध्यान दिया जा रहा है।

मेगा समर कैंप में चित्रकला, हस्तशिल्प, नृत्य, गीत-संगीत, कहानी-कविता लेखन, नाटक, योग और विज्ञान से जुड़े प्रयोग, रोचक किस्से-कहानियां जैसी विभिन्न गतिविधियां कराई जा रही हैं। बच्चे अपनी रुचियों के अनुसार समूहों में बंटकर इन ⏭ शेष पेज 12 पर

#### बच्चों ने साझा किया अनुभव

छात्र-छात्राओं ने भी कैंप के अनुभव को बेहद सकारात्मक बताया। कक्षा 6 वीं के छात्र लक्ष्य ने कहा छुट्टी के बीच यहां मुझे दोस्त मिले और मैंने उनके साथ पेंटिंग में भाग लिया। अलग-अलग चित्रकारी सीखना और उसे अच्छे से करना मित्रों के बीच बढ़िया लगा। वहीं कक्षा 7 वीं की छात्रा संजना ने कहा पेंटिंग और रंगोली बनाना सीखी। जिसे अब लगातार अच्छा और बेहतर करने का प्रयास करूंगी।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**गीदम।** देर शाम गीदम थाना क्षेत्र के हारम में बारसूर चौक के नजदीक हुए सड़क हादसे में बाइक सवार ग्रामीण की मौत हो गई। मृतक अशोक ठाकुर पिता प्रेम सिंह निवासी कबाड़ी पारा समलूर किसी काम से गीदम गया हुआ था। देर शाम अंधड़ बारिश के दौरान लौटते समय किसी मवेशी या अज्ञात वाहन से टकराकर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिला हॉस्पिटल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### टुल्लू पंप से अवैध पानी खिचने पर की जायेगी जब्ती

**बीजापुर।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के मैदानी अमलो द्वारा ग्रीष्म ऋतु में जिले के सभी ग्रामों में पेयजल की सतत व्यवस्था बनाये रखने के लिय ग्रामीण क्षेत्रों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। प्रायः देखा जा रहा है कि ग्रामों में पेयजल व्यवस्था हेतु स्थापित हैण्डपंप में बिना अनुमति के ग्रामीणों द्वारा सिंगल फेस पावर पंप या टुल्लू पंप स्थापित कर पेयजल का दुरूपयोग व अन्य कार्यों में उपयोग किया जा रहा है तथा जल जीवन मिशन का कार्य पूर्ण कर हर-घर जल प्रमाणीकरण ग्रामों में पेयजल हर घर उपलब्ध होने पर भी अवैध तरीके से पंप स्थापित कर ग्रामीणों द्वारा पेयजल का दुरुपयोग कर रहे है। ऐसा सभी अवैध स्थापित पंपों को विभाग द्वारा जब्ती कर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

### पानी की समस्या पर शासन-प्रशासन लापरवाह : बघेल

**घाटलोहंगा।** प्रदेश सरकार द्वारा संचालित सुशासन त्यौहार के तहत विभिन्न शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, जिनमें सबसे अधिक आवेदन पेयजल संकट को लेकर सामने आए हैं। यह दर्शाता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में जल समस्या एक गंभीर और जमीनी हकीकत बन चुकी है। इस विषय पर



विधायक लखेश्वर बघेल ने भी शासन-प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। बघेल का कहना है कि पानी जैसी मूलभूत सुविधा को लेकर सरकार गंभीर नहीं दिखाई दे रही। जल जीवन मिशन अधूरा, ग्रामीणों की उम्मीदें टूटीं ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति अत्यंत चिंताजनक बनी हुई है। पंचायत स्तर पर मौजूद हैंडपंपों की संख्या औसतन 10 से 15 होती है, लेकिन वर्तमान में अधिकांश हैंडपंप या तो सूख चुके हैं या उनमें पानी बहुत कम निकल रहा है। जल स्तर में गिरावट के बावजूद हैंडपंपों की मरम्मत और सुधार कार्य समय पर नहीं हो पा रहे हैं।

### जनगणना में होगी सभी जातियों की पृथक गणना

**घाटलोहंगा।** वर्षों के लंबे संघर्ष और आंदोलन के बाद ओबीसी महासभा को मिली ऐतिहासिक सफलता। सरकार ने आगामी जनगणना में सभी जातियों की पृथक गणना करने का फैसला लिया है, जिसे ओबीसी वर्गों के लिए एक बड़ी जीत माना जा रहा है।



ओबीसी महासभा बस्तर संभाग के अध्यक्ष दिनेश यादव ने इस निर्णय का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए कहा, यह केवल एक निर्णय नहीं, बल्कि करोड़ों ओबीसी वर्ग के लोगों की भावनाओं को सम्मान देने का कार्य है। हमारे वर्षों के आंदोलन और संघर्ष को आखिरकार मान्यता मिली है। उन्होंने यह भी मांग की कि ओबीसी वर्ग की जातियों की पृथक जातिगत गणना सुनिश्चित की जाए, जिससे नीतियों और योजनाओं में समुचित प्रतिनिधित्व मिल सके।

## निधन

### विटोला देवी भदौरिया

**जगदलपुर।** लालबाग निवासी विटोला देवी भदौरिया का बीती रात निधन हो गया है। वह हुकुम सिंह भदौरिया की पत्नी एवं कुलदीप सिंह भदौरिया, राजेंद्र सिंह भदौरिया तथा अमर सिंह भदौरिया की माता थीं। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास से सुबह 10.30 बजे मुक्तिधाम के लिए निकली,जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग, शहरवासी और अन्य लोग शामिल थे।

---

### ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों में समाधान शिविरों का हुआ आगाज

# बालूद, छिंदनार, मैलावाड़ा, टेटम ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों की उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुसार राज्य में जनता की समस्याओं को समयबद्ध निराकरण करने, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, विकास कार्यों में गति लाने तथा जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से महत्वाकांक्षी अभियान सुशासन तिहार के तहत समाधान शिविरों का आज जिले में विधिवत आगाज हो गया। जिले के दंतेवाड़ा ग्राम पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत बालूद, मैलावाड़ा, गीदम अंतर्गत छिंदनार, और कटेकल्याण ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत टेटम में समाधान शिविरों की शुरुआत हुई। इन समाधान शिविरों में पूर्व में आवेदकों से प्राप्त उनके आवेदनों की स्थिति, उसके समाधान की जानकारी के साथ-साथ शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है। साथ ही विभागों द्वारा अपने विभागीय योजनाओं के तहत उन्हें लाभान्वित भी किया जा रहा है।

ग्राम पंचायत बालूद में आयोजित जिला स्तरीय समाधान शिविर में स्थानीय विधायक चैतराम अटामी ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य शासन द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अब सीधे ग्रामीणों तक पहुँच रहा है। उन्होंने समाधान शिविर की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के शिविरों से जनता की समस्याओं का मौके पर समाधान हो रहा है, जिससे आने वाले समय में जिला समस्याओं से मुक्त होने की दिशा में अग्रसर है।

विधायक ने कहा कि समाधान शिविर जैसे आयोजन उन ग्रामीणों के लिए अत्यंत उपयोगी हैं, जो किसी कारणवश जिला मुख्यालय तक नहीं पहुंच पाते। शिविर में सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित होकर लोगों की मांग, शिकायत और समस्याओं को सुनकर उनका तत्काल निराकरण कर रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे इन शिविरों में भाग लेकर विभागीय योजनाओं की जानकारी लें और उनका भरपूर लाभ उठाएं। विधायक ने विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए कहा कि बोरवेल के अत्यधिक उपयोग से जल स्तर में गिरावट आई है, ऐसे में ग्राम पंचायतों के माध्यम से खेतों में परंपरागत कुएं खोदने का प्रस्ताव आना चाहिए। यह न केवल जल संरक्षण की दिशा में अहम कदम होगा, बल्कि सतत कृषि के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। समाधान शिविर में ग्रामीणों की सहभागिता उत्साहजनक रही और बड़ी संख्या में लोगों ने आवेदन देकर अपनी समस्याओं को रखा। अधिकांश मामलों का तत्काल निपटारा कर शेष समस्याओं को निर्धारित समय-सीमा में हल करने का आश्वासन अधिकारियों द्वारा दिया गया। इसके साथ ही विधायक ने शिविर में विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण भी किया। आज बालूद समाधान शिविर अन्तर्गत बालूद ग्राम पंचायत के अलावा चितालूर, टेकनार, बालपेट, पोन्दुम, जारम और मटेनार के ग्रामीण भी उपस्थित रहे। यहा पूर्व में प्राप्त आवेदनों के अलावा ऐग्रीस्टॉक पंजीयन के तहत 4, आधार पंजीयन के तहत 17, पोस्ट ऑफिस में खाता खुलवाने के 9, प्रकरण, वोटर कार्ड अपडेट के तहत 3 इस प्रकार कुल 27 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया।

# विधायक ने गंगादई माता मंदिर का किया लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर/भोंड

बस्तर नगर पंचायत अंतर्गत नाईकगुड़ा पारा स्थित गंगादई माता मंदिर में बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर के विकास कार्यों की सराहना करते हुए श्रद्धालुओं से मुलाकात की और धार्मिक आयोजन में सहभागिता जताई।

गंगादई माता मंदिर का भव्य लोकार्पण समारोह विधायक लखेश्वर बघेल की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, श्रद्धालु और ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

बस्तर विधायक ने कहा कि मंदिर का लोकार्पण धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक समृद्धि और सामुदायिक एकता का प्रतीक हैं। इस आयोजन के माध्यम से क्षेत्र के विकास और परंपराओं को संजोने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हैं।

इस दौरान मौजूद रहे मंदिर प्रमुख पुजारी जोधपुर राम, फ़तेहसिंह परिहार, देवकी भद्रे, चंपा ठाकुर, गोपाल तिवारी, नरसिंह नागेश, भागरथी यादव, जितेंद्र पटेल, मानसिंह कवासी, हेमराज बघेल, जितेंद्र तिवारी, राजेश कुमार, तुलसीराम ठाकुर, मेघनाथ नेताम एवं समस्त कार्यकर्त्तागण व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# सरकारी चना की अफरा-तफरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड



शासकीय उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से गरीब परिवारों को प्रति राशन कार्ड पैकेट बंद दो किलोग्राम चना उपलब्ध कराया जाता रहा है। मगर बकावंड विकासखंड की राशन दुकानों में चना वितरण में गड़बड़ी की जानकारी मिली है। कुछ माह पहले यहां के गरीबों के हिस्से के चने को ओड़िशा के बेसन निर्माताओं के पास खापाए जाने का मामला उजागर हुआ था।

वर्ष 2024 के अंतिम चार माह के चने का आबंटन राशन दुकानों को नहीं हुआ था। इन चार माह का चना अब अप्रैल माह में आवंटित किया गया है। इस लिहाज से हर राशन कार्डधारी को चार माह के बकाया चार पैकेट चने के साथ मौजूदा माह का एक पैकेट मिलाकर कुल 8 पैकेट चना दिया जाना चाहिए, मगर राशन दुकानदार किसी को 1, किसी को 2 तो किसी को 3 पैकेट चना दे रहे हैं।

बकावंड ब्लॉक में कुल 95 शासकीय उचित मूल्य की दुकानें हैं जानकारी के अनुसार केवल 3 पंचायतों की राशन दुकानों से शत प्रतिशत चने का वितरण किया गया है। बाकी 92 दुकानों में गड़बड़ी की जानकारी मिली है। मामले की शिकायत टलनार के उपभोक्ता बृजलाल सेठिया और नरसिंह पुजारी ने कलेक्टर से की है। शिकायत के मुताबिक ग्राम टलनार, करीतगांव चितालूर में ही चने का सही वितरण हुआ है।

**मामले की जांच होगी**

निर्धारित मात्रा में चने का वितरण न होने की जानकारी मुझे भी मिली है। कुछ तकनीकी कारण से ऐसा हुआ है। मामले की जांच की जाएगी।

-हेमंत कुमार,
फूड इंस्पेक्टर, बकावंड

# छात्राओं का सामूहिक नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल



मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन इंटक किरंदुल के तत्वाधान में 3 मई को इंटक का 78 वां स्थापना दिवस बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ नगर परिवार के विभिन्न सामाजिक सांस्कृतिक प्रादेशिक एवं सेवाभावी संस्थाओं के विभिन्न व्यंजनों का स्टाल लगाकर आनंद मेला और यूनियन के सेवाभावी श्रमिक साथियों को सम्मान का कार्यक्रम की शुरुआत मां भारती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तेल चित्र पर आमंत्रित अतिथियों के कर कमलों से दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण के साथ ही नगर के प्रकाश विद्यालय के छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं नृत्य की प्रस्तुति दी गई। यूनियन के परंपरा अनुसार समस्त अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर गांधी टोपी एवं तिरंगा गमछा पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन इंटक के सचिव के द्वारा स्वागत उद्बोधन किया गया।

कार्यक्रम में मेटल माइन्स वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष एवं सचिव एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा यूनियन के कर्मठ कामगारों का सम्मान किया गया तथा इंटक परिवार के पारिवारिक सदस्य रीमा दिवाकर के एकल गीत एवं विभिन्न स्कूलों एवं इंटक परिवार के पारिवारिक सदस्य एवं अन्य शिक्षिकाओं के कुशल मार्गदर्शन में छात्राओं द्वारा सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी गई जो विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। यूनियन के आग्रह पर विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक, प्रादेशिक एवं विभिन्न सेवाभावी संस्थाओं साहू समाज, नेपाली समाज, गायत्री परिवार, सिन्हा समाज, हल्बा समाज छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक क्रीड़ा मंडल, गोड़वाना समाज, तेलगु समाज, केरला समाज, बौद्ध समाज, यादव समाज, पटेल समाज, निषाद समाज, व्यापारी संघ, मुस्लिम समाज, क्रिश्चियन समाज, आदि लगभग 20 काउंटर के पदाधिकारियों एवं मातृ-शक्तियों, महिलाओं, बहनों के द्वारा स्वादिष्ट व्यंजनों का स्टॉल लगाया गया। जिसमें अतिथियों एवं उपस्थित जनमानस ने स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाया।

### अंतिम व्यक्ति तक शासकीय योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने प्रचार-प्रसार की अपील

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सुशासन तिहार 2025 के संबंध में पत्रकार वार्ता ली। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार राज्य में सुशासन की स्थापना को लेकर लगातार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। शासन.प्रशासन के हर स्तर पर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि शासकीय कार्यों में पारदर्शिता आए, योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन हो और इनका लाभ उन जरूरतमंद वर्गों तक समयबद्ध ढंग से पहुंचे, जिनके लिए योजनाएं बनाई गई हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी की मंशा के अनुरूप राज्य में सुशासन तिहार.2025 का आयोजन किया जा रहा है। पत्रकार वार्ता में कलेक्टर ने जिले के सभी पत्रकारों से समाधान शिविरों के ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार करने की अपील की। जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसका लाभ मिल सके। कलेक्टर ने बताया कि सुशासन तिहार का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधानए शासकीय योजनाओं की समीक्षा और निगरानी, विकास कार्यों में तेजी लाना और जनता, जनप्रतिनिधियों व सामाजिक संगठनों के साथ सीधा संवाद स्थापित करना है।

# 3 दिवसीय मेला मड़ई का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



नगर के तीन दिवसीय मेले का सोमवार को समापन हुआ। समापन अवसर पर माईजी की डोली व ग्रामीण क्षेत्रों से आए देवी-देवताओं की विधि-विधान से पूजा अर्चना कर उन्हें सम्मान पूर्वक विदा किया गया। इस दौरान नगर के हारम चौक तक नगर के गणमान्य नागरिकों द्वारा माईजी की डोली विदा किया गया। उसके पश्चात माईजी की डोली हारम चौक से मां दंतेश्वरी मंदिर दंतेवाड़ा के लिए प्रस्थान करेगी। इस दौरान मेला मड़ई में आये पुजारी, सिरहा, गुनिया, गायता, पेरमा का उचित सम्मान भी किया गया।

# 4 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



सुशासन तिहार के तहत रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कोटा में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव एवं सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

प्लेसमेंट कैंप में कैपस्टोन फैसेलिटीज प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद की ओर से सिक्योरिटी गार्ड, सिक्योरिटी सुपरवाइजर एवं हाउसकीपिंग पदों हेतु चयन प्रक्रिया आयोजित की गई। कुल 25 अभ्यर्थियों ने इस अवसर पर हिस्सा लिया, जिनमें से चार अभ्यर्थियों का चयन किया गया।

# निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करें: हरीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



जनपद पंचायत दरभा के सामान्य सभा की बैठक जनपद पंचायत अध्यक्ष मानक दई कश्यप के अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें जनपद पंचायत दरभा के उपाध्यक्ष हरि प्रसाद कश्यप पीडी सदस्य सहित खण्ड स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

सभाकक्ष में आयोजित सामान्य सभा की बैठक में सभी विभागों के खण्ड स्तरीय अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग के विभागीय गतिविधि के संबंध में जानकारी दिये। जनपद पंचायत अध्यक्ष मानक दई कश्यप ने अपने संबोधन खंड स्तरीय अधिकारियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने और आमजन के हितों को ध्यान में रखते हुए उन्होंने राज्य शासन की समस्त योजनाओं का लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए कहा। उन्होंने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी वीरेंद्र बहादुर से अगामी बैठक में विभागवार कार्यों की जानकारी सभी जनपद सदस्यों को फोल्डर बनाकर बैठक के पूर्व देने हेतु सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

जनपद उपाध्यक्ष हरि प्रसाद कश्यप ने कहा की शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही को मिले इस पर सभी अधिकारियों को विशेष रूप से प्राथमिकता देने की बात कही बैठक में ग्रामीण अभियांत्रिकी सेवा विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, खाद्य विभाग, श्रम विभाग, क्रेड़ा विभाग, वन विभाग, पीएमजीएसवाय विभाग, आदिम जाति विकास विभागों से मूलभूत सुविधाओं को लेकर गहन चर्चा की गई। सामान्य सभा की बैठक में ग्रीष्मकाल में सभी हैण्डपम्पों को मरम्मत कर सोखता गड्ढा व मवेशियों के पेयजल हेतु पानी टंकी सभी ग्राम पंचायतों में बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में जनपद पंचायत के सर्व विभाग प्रमुख अधिकारियों से सभी नवनिर्वाचित सदस्यों का औपचारिक रूप से परिचय कराया गया।

इस दौरान संचालित केंद्रीय और राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की अघतन स्थिति की जानकारी उपस्थित सदस्यों को उपलब्ध कराई गई। इसके अंतर्गत विभिन्न विभाग योजना एवं कार्यक्रमों की संक्षेप में जानकारी दी गई। बैठक में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हरि प्रसाद कश्यप पीडी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, दरभा वीरेंद्र बहादुर सर्व जनपद पंचायत सदस्य सहित अन्य विभाग खण्ड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपास्थित रहे।

SBI Life
अपने लिए. अपनों के लिए.
सूचनाः पते में परिवर्तन
सभी संबंधित लोगों को सूचित किया जाता हैकि
08/07/2025 से हमारी मौजूदा
जगदलपुर (शाखा कोड-0452) निम्न पते पर स्थानांतरित होगी :
नया पताः
एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड.,
भवन का भूतल और प्रथम तल, जैन निवास,नगर पालिका क्रमांक/राजस्व संख्या ख.सं.25/30 भूमि के भूखंड पर निर्मित, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के सामने, दलपत सागर वार्ड क्रमांक 18, धरमपुरा पर स्थित है, तेतरकुटी रोड, तहसील और जिला- जगदलपुर छत्तीसगढ़ पिन-494001
पुराना पताः
एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड.,
प्रथम तल और द्वितीय तल ''महावर बिल्डिंग'',
बिक्री कर कार्यालय के सामने स्थित, महावर बिल्डिंग, चित्रकोट रोड, जगदलपुर, छत्तीसगढ़ पिन - 494001
ऊपर दर्शाया गया ट्रेड लोगो भारतीय स्टेट बैंक का है जिसे एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लाइसेन्स के अधीन उपयोग करती है । कंपनी का प्रधान कार्यालय ''नटराज'', एम वी रोड वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे जंक्शन, अंधेरी (पूर्व), मुंबई - 400069 है जिसका पंजीयन विवरण निम्नानुसार है :IRDAI Regn. No.111 | CIN: L99999MH2000PLC129113 | Website: www.sbilife.co.in | Email: info@sbilife.co.in | टोल फ्री नं. 800 267 9090 (ग्राहक ग्राहक सेवा समय : 24X7)

# आरती को मिला बेडमिंटन किट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा आम जनता के समस्याओं एवं मांग के त्वरित निराकरण हेतु सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग को सुशासन तिहार में खेलकूद सामग्री की माँग संबंधी आवेदन प्राप्त हुए थे। जिला प्रशासन सुकमा के द्वारा माँग आवेदन का त्वरित निराकरण करते हुए ग्राम पंचायत चिकपाल में खेल सामग्री का वितरण किया गया।

सुशासन तिहार के अंतर्गत चिकपाल के मोटुगुडा से रामा बेट्टी व सोमला राम को क्रिकेट तथा कैरम बोर्ड खेल सामग्री तथा कुहरामी आरती को बेडमिंटन सामग्री एवं केरलापाल और ग्राम पंचायत सिरसट्टी के युवाओ को कैरम बोर्ड सहित अन्य खेल सामग्री प्रदान किया गया है। सुशासन तिहार में खेल सामग्री पाकर युवा खिलाड़ियों में खुशी और उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम मे जिला खेल अधिकारी विरूपाक्ष पौराणिक, जनपद सदस्य दशरथ नायक, सरपंच देशो मड़कामी और अन्य पंच गण उपस्थित थे।

HEALTH TOWN
k'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
''संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम''
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
''मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपत्तियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम''
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
◄ रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
SCAN ME
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001,
मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### 200 रुपए सोली में बिका बोड़ा



**जगदलपुर।** शहर के साप्ताहिक बाजार में रविवार को ओडिसा से पहुंचा बोड़ा 200 रूपए सोली में बिक रहा है। बाजार में रविवार को शहरीय के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के सब्जी खरीददारों की भीड़ दिखी। खरीददारों के अनुसार नारायणपुर, केशकाल का बोड़ा का इंतजार है। बाजार में टमाटर 15, करेला 50, फूलगोभी 50, पत्तागोभी 30, भिंडी 50, आलू 30, प्याज 25-30, अदरक 180, लहसून 250, लालभाजी, पालकभाजी, मैथी 20 रूपए में 10 जूड़ी बिक रहा है।

### हितग्राहियों ने सरकार को दिया धन्यवाद

**जगदलपुर।** निर्धन परिवार के लिए एक सुरक्षित आशियाना बनाना किसी सपने से कम नहीं है और सरकार की संवेदनशील पहल से करीब महीने भर में ही पक्के आवास निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हो तो गरीब परिवार को सबसे बड़ी खुशी मिलती है। यह कहते हुए जगदलपुर ब्लॉक के तितिरगांव निवासी निर्मला पाण्डे, सुमित्रा और इंद्रा बताती हैं कि राज्य शासन के सुशासन तिहार अंतर्गत पहले चरण में ग्रामीण आवास के लिए आवेदन पत्र जमा किए थे जिसे अब स्वीकृति देकर गांव में आयोजित समाधान शिविर में विधायक श्री किरण देव के हाथों स्वीकृति आदेश प्रदान किया गया है। इन हितग्राहियों के साथ ही कुम्हारावण्ड निवासी बुकी एवं देवकी और तितिरगांव के हेमबती, गौरीबाई, इपोबती, शिवराम, पदमा, अमलचन्द्र, सुमसीताराम, एवं सोनाय को प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत नवीन आवास निर्माण की स्वीकृति आदेश प्रदान किया गया। उक्त सभी हितग्राहियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने के लिए सरकार के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया।

## कायस्थ समाज ने धूमधाम से मनाया भगवान चित्रगुप्त का प्रकटोत्सव

# शहर में निकली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कायस्थ समाज ने धूमधाम से मनाया भगवान श्रीचित्रगुप्त का प्रकटोत्सव। लालबाग स्थित श्रीचित्रगुप्त मंदिर चित्रांश भवन में सुबह से शुरू हुए कार्यक्रम देर शाम तक जारी रहा।

- राष्ट्र निर्माण में कायस्थ समाज की महत्वपूर्ण भूमिका : किरण देव



शोभायात्रा में समाज की मातृ शक्तियां, पुरुष कर्मकर्ता, युवक-युवतियां, वरिष्ठजन और छोटे-छोटे बच्चों ने भगवान चित्रगुप्त के जयकारे लगाते रहे।

भगवान श्रीचित्रगुप्त की पूजा-अर्चना के साथ ही महिलाओं व बच्चों के लिए विविध स्पर्धाएं हुईं, जिनमें महिलाओं व बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शाम को भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। चित्रांश भवन से शोभायात्रा शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई वापस अपने स्थल पर ही विसर्जित हुई। समाज के वरिष्ठ जनों का सम्मान करने के साथ ही विभिन्न स्पर्धाओं के विजेता प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया गया।

भगवान चित्रगुप्त प्रकटोत्सव के दौरान सुबह भगवान का अभिषेक का आरती की गई। इसके बाद दोपहर को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान समाज के अध्यक्ष अर्जुन श्रीवास्तव, सचिव





गजेन्द्र श्रीवास्तव, कार्यकारी अध्यक्ष सुदामा श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव, महिला अध्यक्ष शैलबाला श्रीवास्तव,जयश्री श्रीवास्तव, विकास श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव एवं काफी संख्या में समाज के सदस्य उपस्थित थे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने भगवान चित्रगुप्त की पूजा अर्चना कर समाज के उत्थान व क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में कायस्थ समाज की भूमिका महत्वपूर्ण है। भगवान चित्रगुप्त के प्रकट उत्सव की समाज को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुये देव ने कहा कायस्थ समाज देश के विकास में हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। कायस्थ समाज इसी तरह निरंतर प्रगति करें। न्याय और कर्त्तव्यनिष्ठा ही मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी है। यही मूल्य हमारे समाज और राष्ट्र को मजबूत बनाते हैं। किरण देव ने समाज के विकास में जो सहयोग करना होगा उसमें सहयोग देने की बात कही। वहीं समाज द्वारा समाज भवन में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित किया गया था जिसके प्रतिभागियों को पुरस्कार का वितरण विधायक देव एवं समाज के पदाधिकारियों के द्वारा वितरित किया गया।

## जाटम की वार्षिक मड़ई में शामिल हुए विधायक किरण



**जगदलपुर।** ग्राम जाटम में प्रतिवर्ष वार्षिक मंडई में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव शामिल हुए। उन्होंने माता परदेशीन मंदिर पहुंच पूजा अर्चना कर छत्तीसगढ़ व बस्तर की सुख समृद्धि की कामना की। ग्रामवासियों ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक का पारंपरिक रूप से तिलक लगाकर स्वागत किया। देव ने कहा कि जाटम मे माता परदेशीन मंदिर में ऐतिहासिक वार्षिक मंडई में शामिल होकर आप सभी के बीच आकर अभिभूत हूं। मेला में आए सभी जनमानस को बधाई देता हूं। बस्तर में आयोजित मेला,मंडई का अपना विशेष महत्व होता है। जिसमें हमारी बस्तर की कला संस्कृति,परम्परा का समावेश होता है। मेला में सरपंच सोमदास नाग, मंडल अध्यक्ष हरिराम मंडावी, सतीश सेठिया,उप सरपंच जगबंधु बधेल,राजेश श्रीवास्तव, महादेव पुजारी, सुखराज पुजारी, सुखचरण पुजारी उपस्थित थे।

## प्रबोधन कार्यक्रम कार्यशाला में शामिल हुए महापौर



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नगर पालिका निगम छत्तीसगढ़ के 14 महापौर, सभापति एवं एमआईसी जनप्रतिनिधियों का प्रबोधन कार्यक्रम कार्यशाला रायपुर के एक होटल में सोमवार को किया गया। कार्यशाला में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

साव ने कहा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से तालाबों में स्वच्छता रहेगी। नगरीय निकायों द्वारा संपत्ति कर एवं यूजर चार्ज की वसूली में कमी दिखती है यह हमारे लिए चुनौती है। हमारे सामने सीवेज एवं जल निकासी, अपशिष्ट प्रबंधन, जल संकट, पक्के आवास की कमी, नियमन एवं शहरीकरण, सड़क नेटवर्क यातायात, आपातकालीन प्रबंधन, हितग्राही मूलक सेवाओं की आपूर्ति जैसे हमारे लिए चुनौती है। हमें अपने शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाना है। इस दौरान महापौर संजय पांडे, सभापति खेम सिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य योगेंद्र पांडेय, निर्मल पानीग्राही, राणा घोस, लक्ष्मण झा, संग्राम सिंह राणा, त्रिवेणी रंधारी, स्वेता बघेल,आयुक्त प्रवीण वर्मा, कार्यपालन अभियंता गोपाल भारद्वाज उपस्थित रहे।

## तेंदूपत्ता संग्राहकों ने विभिन्न मांगों को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

सोमवार को जिले के तेंदूपत्ता संग्राहकों ने विधायक विक्रम मंडावी को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा है कि पूर्व में तेंदूपत्ता संग्रहण के दौरान विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिए भिन्न भिन्न राशि मिला करता था लेकिन सरकार ने अब इस राशि में कई गुना कटौती कर दिया है।

मांग पत्र में तेंदूपत्ता संग्राहकों ने प्रति मानक बोरा 7000 किए जाने, फड़ सफ़ाई 7500 करने, जमीन टैक्स 700 करने, प्रति मानक गड्डी लाइनिंग 35 करने, फाड़मुंशी प्रति मानक बोरा कमीशन 100 करने, वाचर प्रति मानक बोरा कमीशन 75 करने, उल्टाई पल्टाई प्रति मानक बोरा 85 करने, झटकाई प्रति मानक बोरा 85 करने, चक्री प्रति मानक बोरा 85 करने, बोरा भर्ती प्रति मानक बोरा 195 करने, छेली, डिग्री प्रति मानक बोरा 15 करने, दुर्घटना का 300000





करने, मृत्यु होने पर 500000 करने, तेंदूपत्ता परिवहन प्रति की.मी. 25 करने, सड़क सफाई प्रति व्यक्ति रोजी 550 करने, संग्राहकों को तेंदूपत्ता का नगद भुगतान करने, फड़मुंशियों को यथावत रखने, तेंदूपत्ता संग्रहण की रिपोर्ट बिक्री के दूसरे दिन करने और प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रत्येक फड़ में एक वाचर रखने जैसे 19 मांगे विधायक विक्रम मंडावी को सौंपे गए ज्ञापन में शामिल है। वहीं इस पूरे मामले को लेकर बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि तेंदूपत्ता हितग्राहियों की मांगे जायज है, भाजपा सरकार जानबूझकर तेंदूपत्ता कटाई करने से बचने का प्रयास कर रही है।

इस दौरान नरगो वेंडज़ा, मंगरू उद्दे, कोरके वाचम, नगाडू यादव, गणेश पोयाम, बुधराम कोवासी, लखमू पोयाम, मुन्ना वेंड्ज़ा, पोधाय लेकाम, बिछेम कुडियम, पोरिया कुरसम सहित अन्य बड़ी संख्या में हितग्राही मौजूद रहे।

## जलाराम बापा मंदिर का हुआ 13वां वार्षिकोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जलाराम बापा मंदिर में रविवार को 13 वां वार्षिकोत्सव धूमधाम और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर भारी संख्या में भक्तों ने मंदिर में पूजा अर्चना में भाग लिया। समाज के सभी वर्गों के लोगों ने मिल-जुल कर इस भव्य उत्सव में भाग लिया और कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। शाम को भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों भक्तों के साथ आम जनों ने प्रसाद ग्रहण किया। रात को भजन संध्या का विशेष आयोजन हुआ, जिसमें भजन मंडलियों ने भक्तिपूर्ण प्रस्तुतियों से समा बांध दिया। यह वार्षिकोत्सव न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक रहा, बल्कि समाज में एकता, सहयोग और सांस्कृतिक समरसता का भी उत्तम उदाहरण प्रस्तुत किया।

## लोगों की समस्याओं का विधायक ने किया निराकरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने विधायक कार्यालय में क्षेत्र की जनमानस से भेंट एवं मुलाकात कर उनकी समस्याओं से अवगत होकर उनकी समस्याओं का निराकरण करने संबंधित विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर उन समस्याओं का समाधान करने का निर्देश दिया। विधायक ने उनकी समस्याओं को जिसमें पेयजल आपूर्ति, सडक निर्माण, नाली निर्माण, देवगुड़ी का नवनिर्माण, राजस्व संबंधी प्रकरण, विधुत संबंधित व अन्य समस्याओं से अवगत होकर तत्काल कार्रवाई करते जिन समस्याओं का तत्काल निराकरण करना है उन समस्याओं को संबंधित विभाग से चर्चा कर तत्काल निराकरण किया गया। वहीं सड़क, पुलिया, नाली ,बोर खनन व अन्य समस्याओं को जल्द आगामी दिनों में निराकरण करने की बात कही।

क्षेत्र की जनता से जिस उम्मीदों से जगदलपुर विधानसभा का किरण देव को विधायक बनाया है उन उम्मीदों पर सजगता से जनमानस के बीच रहकर उनकी समस्याओं का समाधान करने का कार्य कर रहे हैं।

### 239 करोड़ के बजट में शामिल नहीं है पानी टंकी की सफाई

**जगदलपुर।** नगर पालिका निगम द्वारा दो वर्ष पूर्व जल टंकियों की नियमित सफाई के लिए निविदा जारी की गई थी, जिसमें साल में दो बार सफाई सुनिश्चित करने का उल्लेख था। परंतु बीते एक वर्ष से अधिक समय से टंकियों की सफाई नहीं की गई है, जिससे नागरिकों को गंदे पानी टंकियों से आ रही पानी का सेवन करना पड़ रहा है।

वरिष्ठ नागरिक एवं शिवसेना (उ.बा.ठा.) के प्रतिनिधि चंचलमल जैन ने इस विषय को गंभीरता से उठाते हुए कहा कि हाल ही में महापौर संजय पांडे द्वारा प्रस्तुत 239 करोड़ रुपये के बजट में टंकी सफाई जैसे महत्वपूर्ण एवं आम जनता के स्वास्थ्य से संबंध रखने वाले विषय को पूरी तरह नजरअंदाज किया गया है।उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है, कि जनता के स्वास्थ्य से जुड़े ऐसे आवश्यक कार्यों के लिए बजट में कोई स्थान नहीं दिया गया है। इससे यह स्पष्ट होता है कि नगर निगम की प्राथमिकता केवल दिखावटी विकास तक सीमित है। उन्होंने यह भी बताया कि सफाई एजेंसी ने कार्य तो किया, लेकिन निगम द्वारा भुगतान न किए जाने के कारण आगे की सफाई प्रक्रिया रुकी हुई है।



## जिले के विजेता खिलाड़ी राज्य स्तरीय स्पर्धा में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जिला शतरंज संघ बस्तर द्वारा अंडर 9 अंडर 11 और अंडर 13 आयु में जिला बस्तर की टीम के चयन हेतु टूनामेंट आयोजित करवाया गया। जिसमें अंडर 9 में मानस तिवारी ने प्रथम जिदान चामड़िया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, अंडर 11 में स्वास्तिक सागर ने प्रथम और तराना सारथी दूसरे स्थान पर रही जबकि अंडर 13 में अलंकृता मोहराणा पहले स्थान पर रही और द्वितीय स्थान एम.निमिष नायडू ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि शैलेन्द्र यदु ने भविष्य में भी यथासंभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया, विशेष अतिथि राजेश त्रिपाठी और अशोक तिवारी की अध्यक्षता में पुरस्कार वितरण सम्पन्न हुआ। आर्बिटर के रूप में अयाज चामड़िया, राजेश जेना, अभिनव जेना, जयश्री शेंडे सहभागी रहे, सुकीर्ति तिवारी, मंजू सारथी, संगीता तिवारी , हितेश तिवारी, लोकेश पांडे ने टूनार्मेंट में सहयोग प्रदान किया। संचालन पूर्णिमा सरोज ने किया।

सभी विजेता और उपविजेता खिलाड़ी 13 मई को बेमेतरा में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय शतरंज टूनार्मेंट में बस्तर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# अखंड ज्योति कलश यात्रा का हुआ भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

हरिद्वार शांतिकुंज से निकलकर देश भ्रमण के दौरान अखंड ज्योति कलश यात्रा का आगमन शनिवार को शहर में हुआ। यात्रा का स्वागत कुम्हारपारा स्थित माड़िन चौक में सर्व हिन्दू समाज ने किया। यहां से बाइक रैली निकाली गई, जो शहर के कुम्हारपारा, शहीद पार्क तिराहा, कोतवाली, महावीर चौक होते सीताराम शिवालय पहुंच जहां प्रतीक्षा में खड़े श्रद्धालुओं ने अखण्ड ज्योत की स्वागत पुष्प वर्षा किया गया। यहां पर ज्योति कलाश की आरती महिला संगठन ने उतारी। कलश धारण कर महिलाएं पदयात्रा कर दंतेश्वरी मंदिर परिसर तक पहुंची। यहां पर विशालमंच में इस कलश का स्वागत नगरवासियों ने किया।

मां दंतेश्वरी मंदिर में कलश की आरती उतारी गई। इसके बाद यह पदयात्रा संजय बाजार होते गायत्री शक्तिपीठ पहुंची। यहां तीन दिनों तक इसे दर्शनार्थ रखा जाएगा। यह अखंड ज्योति लगातार सौ वर्षों से प्रज्ज्वलित है।

आने वाले 2026 में इसका शताब्दी वर्ष है। देश की अखंडता व संस्कृति को बनाए रखने व भेदभाव मुक्त समाज के लिए यह ज्योति प्रज्ज्वलित की गई है।

## महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय के विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों द्वारा सोमवार को स्किल एनहांसमेंट कोर्स (एसीसी) के अंतर्गत ग्रीन केमिस्ट्री तथा बेसिक इलेक्ट्रिकल स्किल्स विषयों पर आधारित दो अलग-अलग शैक्षणिक भ्रमण किए गए। ग्रीन केमिस्ट्री विषय के अंतर्गत विद्यार्थियों ने हेलीवाल कोल्ड स्टोरेज प्राइवेट लिमिटेड का का भ्रमण किया। जिसकी भंडारण क्षमता 12,000 टन है, और यह अमोनिया गैस संयंत्र पर आधारित है। इस कोल्ड स्टोरेज के सभी चेंबर पूर्णतः इंसुलेटेड हैं, जिससे वायु का आदान-प्रदान नहीं होता और भंडारित सामग्री लंबे समय तक सुरक्षित रहती है। यहां इमली, महुआ, लाल मिर्च एवं गुड़ जैसे



पारंपरिक उत्पादों का संग्रहण किया गया है, जिससे विद्यार्थियों को पर्यावरण अनुकूल भंडारण और रसायन विज्ञान की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त हुई।

वहीं, बेसिक इलेक्ट्रिकल स्किल्स के अंतर्गत विद्यार्थियों ने राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलीकम्युनिकेशन विभाग का भ्रमण किया। जहां उन्हें मल्टीमीटर, वोल्टमीटर, एम्पीयरमीटर, सोल्डरिंग आयरन, वायर स्ट्रिपर, पीसीबी टेस्टिंग उपकरण आदि के उपयोग की जानकारी दी गई। विभागीय शिक्षकों द्वारा विद्युत उपकरणों की मरम्मत, परीक्षण तथा पुनः संयोजन की विधियां प्रदर्शित की गईं और विद्युत सुरक्षा के उपायों को भी समझाया गया। इस व्यावहारिक अनुभव से विद्यार्थियों में तकनीकी आत्मविश्वास का विकास हुआ।

### पुस्तकीय ज्ञान के साथ व्यवहारिक अनुभव अनिवार्य

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजीव गुहे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए अनिवार्य है। ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी कौशल प्रदान करते हैं और उन्हें आत्मनिर्भर बनाते हैं। उन्होंने इस प्रकार की गतिविधियों को नियमित रूप से आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस शैक्षणिक भ्रमण में रसायन विज्ञान विभाग की अतिथि व्याख्याता सौम्या ताम्रकार एवं भौतिक विभाग की अतिथि व्याख्याता भूमिका नाग उपस्थित रहीं, जिनके मार्गदर्शन में भ्रमण संपन्न हुआ।

## तेंदूपत्ता प्रोत्साहन पारिश्रमिक वितरण पर संग्राहकों को मिलेगा न्याय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सुकमा जिला में तेन्दुपत्ता संग्राहकों के राशि वितरण में हुए घोटाले और कार्रवाई को लेकर चित्रकोट विधायक विनायक गोयल ने साय सरकार का आभार व्यक्त किया है। गोयल ने बयान देते हुए बताया कि कांग्रेस शासन में किये गए घोटालों पर नकेल



कसने कार्रवाई करने का काम साय सरकार में हो रहा है। उन्होंने बताया कि सुकमा जिला में तेन्दुपत्ता संग्राहकों को दो साल की बोनस राशि में प्रबंधकों ने केवल एक साल का ही भुगतान किया। वो भी आधा-अधूरा। वनमंडल सुकमा के कोंटा, किस्टाराम और गोलापल्ली वन परिक्षेत्र में कई फर्जी संग्राहकों के नाम पर भुगतान दर्शाया गया। भाजपा सरकार द्वारा जांच कराये जाने पर जांच के दौरान मामला उजागर हुआ। कई ऐसे संग्राहकों को भी राशि दी गई है, जिनकी मौत सालों पहले हो चुकी है। मामले को लेकर उन्होंने वनमंत्री केदार कश्यप से चर्चा की और घोटाले के संबध में जानकारी प्रदान की। इस कार्रवाई के लिये उन्होंने मंत्री केदार कश्यप का आभार जताया उन्होंने वनमंत्री से निवेदन किया है कि 11 समितियों के कितने संग्राहकों को प्रोत्साहन पारिश्रमिक की राशि प्राप्त नहीं हुई है, उसका परीक्षण किया जाये और स्थिति स्पष्ट होने के उपरांत उचित कार्रवाई करें।

